लापरवाही

पांच वर्षों में हुई अनियमितताओं का ब्यौरा शासन ने किया था तलब

उपार्जन में गड़बड़झाला करने वालों की भोपाल नहीं पहुंची रिपोर्ट

नवभारत, जबलपुर। मध्यप्रदेश शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय ने मप्र के सभी जिला आपूर्ति नियंत्रक अधिकारियों को विगत पांच वर्षों में समर्थन मूल्य पर खाद्यान्न उपार्जन में हुई अनियमितताओं की जानकारी तत्काल भेजने के निर्देश दिए हैं। सूत्रों के अनुसार जबलपुर जिला आपूर्ति कार्यालय द्वारा इस आदेश का जवाब अभी तक संचालनालय को नहीं भेजा गया है।

विदित हो कि संचालनालय द्वारा भोपाल से 7 नवम्बर 2025 को जारी पत्र में कहा गया है कि 1 जनवरी 2021 से अब तक सहकारी समितियों, महिला स्व सहायता समूहों एवं सीएलएफ द्वारा समर्थन मूल्य पर उपार्जन कार्यों में हुई गंभीर अनियमितताओं के कारण यदि प्रथम सूचना रिपोर्ट एफआईआर दर्ज की गई है, तो उसकी जानकारी 8 नवम्बर 2025 तक निर्धारित प्रारूप में भेजना अनिवार्य है। पत्र में यह भी स्पष्ट किया गया है कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 हेतु जारी नवीन एसओपी के अनुसार जिन संस्थाओं पर गंभीर अनियमितता के प्रकरण दर्ज हैं, उन्हें इस वर्ष उपार्जन कार्य से वंचित रखा जाएगा।

स्टाफ की कमी, नहीं जुटा पाए जानकारी

जानकारी के अनुसार विभागीय अधिकारी आवश्यक जानकारी एकत्रित करने की प्रक्रिया में हैं, लेकिन समय सीमा बीत जाने के बावजूद रिपोर्ट भोपाल नहीं पहुंची है। अधिकारी का कहना है कि स्टॉफ की कमी के कारण पूरी जानकारी एकत्रित नहीं हो पाई है, जिनके ऊपर हाल ही में प्रकरण दर्ज हुए हैं, उनकी जानकारी मिल गई है, पुराने अभी बचे हुए हैं। पूरी जानकारी मिलते ही रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी जाएगी।

इनका कहना है

स्टाफ द्वारा जानकारी एकत्रित की जा रही है, नए वालों की जानकारी मिल गई है। जबकि 2021, 2022, 2023 वालों की जानकारी निकाली जा रही है। अभी स्टाफ की कमी है और बाबू के यहां भी अचानक गमी हो जाने के कारण कार्य पूरा नहीं हो पाया है, जल्दी ही पूरी रिपोर्ट बनाकर शासन के समक्ष प्रस्तुत कर दी जाएगी।

राजधर साकेत
सहायक आपूर्ति अधिकारी

9 डिग्री पर आया पारा, ठंडी हवाओं ने बढ़ाई ठुठरन

जबलपुर। मौसम का मिजाज बदलते ही अचानक सर्दी बढ़ने के साथ पारे में तेजी से गिरावट आ रही है। रविवार को पारा 9.8 डिग्री सेल्सियस पर आ गया जो सामान्य से 5 डिग्री कम रहा। ठंडी हवाएं भी चली। बीती रात में तो ठंड ने असर दिखाया कई जगह अलाव भी चलते देखे गए। ठंड से बचने लोग गरम कपड़े लादे नजर आये। सुबह और रात में ठंड महसूस हुई। दिन में जरूर सूर्यदेव खिले रहे है

मौसम विभाग ने बताया कि एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी हरियाणा के ऊपर लगभग 3.1 किलोमीटर की ऊँचाई पर एक चक्रवातीय परिसंचरण के रूप में स्थित था, अब मध्य क्षोभमंडलीय पश्चिमी पवनों में इसका एक गर्त बना हुआ है, जिसकी धुरी लगभग 5.8 किलोमीटर की ऊँचाई पर स्थित है। आज मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

ऐसा रहा तापमान

रविवार को अधिकतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से दो डिग्री कम रहा। न्यूनतम तापमान 9.8 डिग्री पर पहुंच गया जो सामान्य से 5 डिग्री कम रहा। सुबह के वक्त आद्रता 62 और शाम को 54 प्रतिशत दर्ज की गई। उत्तर-पश्चिमी हवाएं चार से पांच किमी रफ्तार से चली।

सुबह छाया रहा कोहरा

रविवार की सुबह कोहरा की चादर के साथ हुई। पारा गिरने से ठंड का एहसास भी बढ़ गया था। हालांकि दिन चढ़ते ही मौसम ने करवट बदली और धूप खिल गई थी। शाम ढलते ही ठंडी हवाएं चली। मौसम विभाग के मुताबिक सक्रिय मौसम प्रणालियों के असर से दिन-ब-दिन ठंड बढ़ती जा रही है पारे में भी लगातार गिरावट आ रही है आने वाले दिनों में कड़ाके की ठंड पड़ेगी।

मेडिकल की सड़क किनारे जमे कब्जों को हटाने कार्रवाई जारी

शहर के अन्य मार्गों और लेफ्ट टर्न को भी किया जाएगा अतिक्रमण मुक्त

नवभारत, जबलपुर। मेडिकल कॉलेज अस्पताल की सड़क के दोनों किनारे पिछले 10 सालों से जमे अवैध अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई रविवार को भी नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते द्वारा जारी रही। इस दौरान क्षेत्रीय जनसमर्थन भी नगर निगम के अमले को मिला और लोगों ने निगमायुक्त की तारीफ करते हुए कहा कि बहुत अच्छा प्रयास है अब यहां जाम नहीं लगेगा।

इस संबंध में अतिक्रमण अधिकारी मनीष तड़से एवं अखिलेश भदौरिया ने बताया कि सड़क किनारे जमे अतिक्रमण हटने के बाद रोड की एक ओर यातायात व्यवस्था सुगम हुई है और सड़क पर सरपट सुरक्षित गाड़ियां भी दौड़ रहीं हैं। वहीं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि मेडिकल की तरह ही शहर के अन्य मार्गों और लेफ्ट टर्न को अतिक्रमण मुक्त किया जायेगा, इसके पूर्व प्रशासन द्वारा लगातार पहले क्षेत्रों में मुनादी कराई जायेगी और मुनादी के माध्यम से अतिक्रमणकारियों से अपील की जायेगी कि अतिक्रमणकारी स्वयं से अतिक्रमण हटाकर बाधित यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने में प्रशासन का सहयोग करें। अतिक्रमण हटने के बाद सभी मुख्य मार्गो, चौराहों एवं तिराहों पर एक सफेद पट्टी की लाइन डलवाई जायेगी, जिसके अंदर ही दुकानदारों को दुकानों के संचालन के लिए समझाईश दी जायेगी। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि पट्टी के बाहर दुकान लगाने पर दुकानदारों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए दुकानों की जप्ती भी की जायेगी।

आधी रात को रहस्यमय ढंग से किशोरी घर से गायब

जबलपुर। लार्डगंज थाना अंतर्गत संजय नगर निवासी एक किशोरी आधी रात को रहस्यमय ढंग से गायब हो गई। सुबह जब पिता की नींद खुली तो बेटी नहीं मिली। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक संजय नगर निवासी एक युवक ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात वह पत्नी, दो बेटी और एक बेटे के साथ सो गया था। सुबह तीन बजे नींद खुली तो देखा कि 17 वर्षीय बेटी कमरे में नहीं थी। इसके बाद चिंतित परिजनों ने पहले तो अपने स्तर पर खोजबीन की। परिचितों, रिश्तेदारों केयहां भी पतासाजी की लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद वह थाने पहुंचे। परिजनों ने आशंका जाहिर की है कि बेटी को अज्ञात बहलाफुसला कर ले गया है।

अपहरणकर्ताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर निकाला जुलूस, गए जेल

बदमाशों की निकली हेकड़ी, कान पकड़कर अपराध नहीं करने की खाई कसम

फिल्मी स्टाईल में रेत कारोबारी का स्कर्पियों से किया था अपहरण

जबलपुर। संजीवनी नगर थाना अंतर्गत जसूजा गेट से रेत कारोबारी का 26 हजार रूपए के लेनदेन को लेकर फिल्मी स्टाइल में अपहरण कर ढाई घंटे बंधक बनान कर हमला करने वाले अपहरणकर्ताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। रविवार को बदमाशों की पुलिस ने हेकड़ी निकाली। धनवंतरीनगर चौराहे से उनका जुलूस निकाला। इस दौरान उठक-बैठकर अपराधी अपराध नहीं करने की कसम खाते नजर आये। बाद में सभी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक विपेन्द्र सिंह राजपूत निवासी पीएनटी कॉलोनी धनवंतरीनगर का रेत गिट्टी की सप्लाई करता है जिसने एक माह पहले लखन मल्लाह से रेत खरीदकर 10-12 गाड़ी का सप्लाई किया था एवं एक हाईवा रेत का पैसा 26,000 रूपये देना शेष था। विपेन्द्र सिंह राजपूत को लखन मल्लाह ने फोन कर बुलाया था। जसूजा गेट के पास विपेन्द्र पहुंचा तो लखन मल्लाह, हनुमंत मल्लाह एवं अन्य दो साथी विवाद करने लगे थे। लखन मल्लाह तुरंत पैसा की मांग पर अड़ गया था। इसके बाद सभी विपेन्द्र को जबरदस्ती स्कार्पियों में बैठकर ले गए। लम्हेटा, अंधुवा, रजिस्ट्री ऑफिस, आरटीओ, पाटन बाईपास तक तक करीब ढाई घंटे तक घुमाते रहे और रास्ते भर उसके साथ मारपीट किए। पाइप, डंडे से हमला किया। इसके बाद उसे चौकी में छोड़कर भाग गए थे। सनसनीखेज वारदात सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हो गई थी।

ये गए जेल, स्कार्पियों, हथियार जब्त

धनवंतरीनगर चौकी प्रभारी दिनेश गौतम ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत पकरण दर्ज कर आरोपी हनुमत मल्लाह, लखन मल्लाह, आकाश मल्लाह, अरविंद मल्लाह को गिरफ्तार किया गया। धनवंतरीनगर चौराहे से आरोपियों का जुलूस भी निकाला गया। इसके बाद सभी को न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त स्कार्पियों, हथियार जब्त कर लिए गए है। आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड भी है। आकाश मल्ला पर चार अपराध दर्ज है। जबकि अन्य पर भी मामले दर्ज है।

सौतेले पिता ने नाबालिग कॉलेज छात्रा के साथ किया बलात्कार

हैवानियत-दरिंदगी से सहमी पीड़िता, हनुमानताल थाने में एफआईआर दर्ज

जबलपुर। हनुमानताल थाना क्षेत्र में रहने वाली एक नाबालिग कॉलेज छात्रा के साथ उसके सौतेले पिता ने बलात्कार किया। हैवानियत-दरिंदगी से बालिका डरी सहमीं रहने लगी। बाद में उसने हिम्मत कर परिजनों को घिनौनी करतूत बताई। इसके बाद मामले की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई। पुलिस के मुताबिक 17 वर्षीय किशोरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह कॉलेज छात्रा है। सन् 2008 में उसके पिता का निधन हो गया था। डेढ़ साल बाद मां ने उसके चाचा से शादी कर ली थी। करीब दो माह पहले जब घर में अकेली थी सौतेले पिता ने संबंध बनाने उस पर दबाव बनाया। ऐसा न करने पर आत्महत्या करने और उसे झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। करीब एक माह मां स्कूल गई थी तब वह घर में अकेली थी और सो रही थी तभी सोतेले पिता ने जबरदस्ती करने लगे। उसका मुंह दबाकर गलत काम किया। जिससे वह डरी सहमी रहने लगी थी। सौतेले पिता से बात करना बंद कर दिया था। इसके बाद उसने हिम्मत करकके सौतेले पिता की करतूत परिजनों को बताई। बदनामी के डर से रिपोर्ट नहीं की थी। अब पीड़िता ने थाने पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराई है।

बाइक की टक्कर से एक्टिवा सवार एक सहेली की मौत, दूसरी घायल

गोराबाजार में हुआ हादसा

जबलपुर। गोराबाजार क्षेत्र में बाइक की टक्कर से एक्टिवा सवार सहेली की मौत हो गई जबकि दूसरी घायल हो गई।

पुलिस ने बताया कि रविवार को संगीता कोरी 55 वर्ष निवासी मां सरस्वती कालोनी तिलहरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह एवं उसकी सहेली सुनीता राजपूत 52 वर्ष निवासी मां सरस्वती कॉलोनी तिलहरी के साथ अर्क होटल खाना खाने उसकी एक्टिवा क्रमांक एमपी 20 एस एक्स 3880 से जा रहे थे जैसे ही अर्क होटल के पास पहुंचे तभी पीछे से आ रही मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एन के 5095 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसकी एक्टिवा में पीछे से टक्कर मार दिया जिससे वह एवं सुनीता राजपूत एक्टिवा सहित गिर गये गिरने से सुनीता राजपूत के सिर में चोट आयी, अर्क होटल के सामने गेट के बाहर हमारा इंतजार कर रही सहेली सीता परसरामन, साई लक्ष्मी, सुनीता की बहू करूणा राजपूत ने उसे एवं सुनीता को उठाया, सुनीता को उपचार के लिए आटो से बहू करूणा राजपूत के साथ जबलपुर अस्पताल लेकर गये जहां डाक्टर ने चैक कर सुनीता राजपूत को मृत घोषित कर दिया।

पिकअप की टक्कर से तीन घायल

बरेला थाना क्षेत्र में पिकअप की टक्कर से तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि जाकिर हुसैन निवासी हनुमानताल का पत्नी याशमीन बानो और रिश्तेदार गुलाम गौस, अरबाज अंसारी के साथ शादी में बरेला गया था। रात में घर जाने प्राईवेट वाहन का इंतजार रोड़ किनारे कर रहे थे तभी पिकअप क्रमांक एमपी 20 जेड डी 5453 के चालक ने उसकी पत्नी, रिश्तेदार को टक्कर मार चोट पहुंचा दी।

दवा लेने गई महिला के घर तीन लाख की चोरी

जबलपुर। गोहलपुर थाना अंतर्गत मंसूराबाद में रहने वाली महिला घर में ताला लगाकर दवा लेने गई एक घंटे के बाद घर लौटीं तो तीन लाख चोरी हो गए थे। पुलिस ने बताया कि मोह. आरेज मंसूरी 20 वर्ष निवासी मंसूराबाद गोहलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह शिवनगर के पीछे विकासनगर में राशन की दुकान चलाता है। उसकी मां घर में ताला लगाकर नीचे मेडिकल में दवा लेने गयी थी। लगभग 1 घंटे बाद वापस घर गई तो घर का दरवाजा खुला था अंदर रखी आलमारी में रखे नगदी 3 लाख रूपये एवं उसका आधारकार्ड, कोटक बैंक की पासबुक की छायाप्रति, भी रूपयों के साथ रखी थी जो गायब थे। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच कर अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दी है। इस चोरी की वारदात पर करीबी पर शक की सुई घूम रही है। पुलिस संदेहियों से पूछताछ करने के साथ आसपास लगे सीसीटीव्ही कैमरों के फुटेज भी खंगाल रही है ताकि आरोपी का पता लग सकें।

ब्लेड से बाइक सवार पर जानलेवा वार

जबलपुर। बेलबाग थाना क्षेत्र में बदमाशों ने ब्लेड से बाइक सवार पर जानलेवा वार कर दिया। पुलिस ने बताया कि रविवार को चिराग पासी 16 वर्ष निवासी किशोरीलाल यादव का बाड़ा घमापुर चौक ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शनिवार रात लगभग 11-45 बजे अपने साथी शुभम सोनकर के साथ शुभम की गाड़ी से ब्यौहारबाग से कुंवरजी का बाड़ा घमापुर की ओर जा रहा था तभी बहुत तेज गति से 2 लड़के एक बिना नम्बर की एक्सिस में आये और टक्कर लगते बची इसी बात पर गाड़ी में पीछे बैठा लड़का गाड़ी से उतरकर जान से मारने की नियत से ब्लेड से शुभम के गले की ओर हमला किया।

6.11 करोड़ का सरचार्ज माफ : ऊर्जा मंत्री

नवभारत, जबलपुर। मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 शुरू होने के सिर्फ 6 दिनों में ही प्रदेश के 8163 उपभोक्ताओं ने लाभ लिया है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि उपभोक्ताओं के 6 करोड़ 11 लाख रुपये का सरचार्ज माफ किया गया है तथा वितरण कंपनियों के खातों में 11 करोड़ 15 लाख रुपये की बकाया राशि जमा हुई है। मंत्री तोमर ने बताया कि योजना 3 नवम्बर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक दो चरणों में लागू है। पहले चरण (3 नवम्बर से 31 दिसम्बर) में 60 से 100 प्रतिशत सरचार्ज माफी, जबकि दूसरे चरण (1 जनवरी से 28 फरवरी) में 50 से 90 प्रतिशत माफी दी जाएगी। उपभोक्ताओं को एकमुश्त भुगतान पर अधिकतम छूट और किश्तों में भुगतान की सुविधा भी दी गई है। उन्होंने बताया कि योजना से प्रदेश के 91.84 लाख उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। जिन पर कुल 8353.99 करोड़ रुपये की मूल राशि और 3812.75 करोड़ रुपये का सरचार्ज बकाया है ग्वालियर रीजन में अब तक 2484 उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ लिया है।

पिस्तौल लहराकर सुपरवाइजर को धमकाया, पीटा, कार में तोड़फोड़

एक लाख की रंगदारी नहीं देने पर दबंगों का उपद्रव, एफआईआर दर्ज

जबलपुर। माढ़ोताल थाना अंतर्गत प्रोफेसर कॉलोनी में दबंगों ने एक लाख की रंगदारी नहीं देने पर जमकर उपद्रव मचाया। पिस्तौल लहराते हुए सुपरवाईजार को धमकाने के साथ उसके साथ मारपीट की। इसके बाद उसकी कार में तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक रिषभ यादव पिता कमलेश यादव 32 साल निवासी प्रोफेसर कॉलोनी माढोताल ने रिपोर्ट दर्ज कराइ कि वह सुपरवाईजर है। बीती रात्रि लगभग 8 बजे साईड में था। साथी राजू गोटिया साईड पर कार्य कर रहे थे तभी वहां पकंज सराफ, कपिल तिवारी, अनमोल तिवारी, शिवम पटेल आये, और बोले की तू यहाँ क्या कर रहा है, यह साईड किसकी है और स्वंय को दबंग प्रवृति का दर्शाते हुये चारों उसके साथ विवाद करने लगे। बोले की यह साईड में कार्य करना होगा तो जमीन का आधी कीमत के साथ अभी 1 लाख रूपये चाहिये, तब उसके द्वारा विरोध किया गया तो उसके साथ मारपीट करने लगे। एक ने पिस्तौल लहराते हुए जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद वह अपने घर के गेट के सामने अपनी वाहन क्रमांक एमपी 20 जेडएक्स 6104 खडी कर सो रहा था, तभी रात्रि लगभग 03.47 बजे उसकी कार में बादमाशों ने तोड़फोड़ की जिससे वाहन के कांच टूट गये।

चार दिन से नहीं उठी पराली, किसान परेशान

सूचना देने के बावजूद भी नहीं पहुंची मशीन

नवभारत, जबलपुर। शहपुरा तहसील क्षेत्र के किसानों में पराली न उठाए जाने को लेकर नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्राम गडर पिपरिया के किसान देवेश पटेल और सोनू पटेल ने बताया कि उन्होंने चार दिन पहले पराली उठाने के लिए संबंधित एजेंसियों को सूचना दी थी। कर्मचारियों ने आश्वासन दिया था कि अगले दिन मशीन भेज दी जाएगी, लेकिन अब तक मशीन नहीं पहुंची है। किसानों का कहना है कि खेतों में पराली पड़ी रहने से अगली फसल की बुवाई में दिक्कत आ रही है। बार-बार सूचना देने के बावजूद विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई है। किसानों ने प्रशासन से जल्द से जल्द पराली उठाने की व्यवस्था करने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि जिले में पराली उठाने के लिए दो एग्रीगेटर एजेंसियां पराली उठाने का कार्य कर रही हैं। कंपनी के कर्मचारी ने बताया कि एक खेत से पराली उठाने में लगभग 5 दिन का समय लगता है, जो कार्य कंपनी द्वारा लगातार जारी है।

20 एकड़ फसल कटेगी तब उठाएंगे

ग्राम के किसानों ने बताया कि फसल कटने के समय कंपनी के दो कर्मचारी आए थे, उन्होंने पूरी जानकारी ले ली लेकिन जब पराली उठाने की बारी आई तो उनका कहना था जब 20 एकड़ की फसल कट जाएगी तब पराली उठाएंगे। किसानों का कहना है कि जिसके पास 5 एकड़ खेती है और आस-पास के किसानों की फसल गीली है तो कट नहीं सकती है। लेकिन फसल कट गई है उनकी तो पराली उठ जानी चाहिए, क्योंकि उनको दूसरे फसल की बोवनी करनी है।

इनका कहना है

दो प्राइवेट एग्रीगेटर एजेंसी पराली उठाने का कार्य कर रही है, आने वाले समय में अन्य कंपनी भी जिले में आएंगी, अभी जिन किसानों को परेशानी हो रही है, उसके लिए कंपनी से चर्चा कर निर्देश दे दिए जाएंगे कि वह किसानों के हित में जल्दी कार्य करें।

डॉ. एसके निगम
कृषि उपसंचालक

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57